
# 2 वर्ण – विचार

## (Alaphabets)

बच्चो! हर भाषा की अपनी–अपनी ध्वनियाँ होती हैं; जैसे–अंग्रेजी भाषा में A, C, E, L हिंदी में अ, आ, क, च आदि।


इन्हीं ध्वनियों को वर्ण या अक्षर कहा जाता है। 'वर्ण' भाषा की सबसे छोटी ध्वनि या इकाई है। हर ध्वनि को लिखने के लिए एक चिह्न निश्चित है।

**ध्वनियों को लिखकर प्रकट करने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों को वर्ण कहते हैं; जैसे–**




म + ट + र

मटर



क + ल + श

कलश



श + ल + ग + म

शलगम

## वर्णमाला

वर्णों के क्रमानुसार समूह को वर्णमाला कहते हैं।

### वर्ण के भेद

वर्ण दो प्रकार के होते हैं–

1. स्वर 2. व्यंजन

**1. स्वर**–हिंदी में ग्यारह स्वर हैं। स्वर वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है।

**स्वर** → अ आ इ ई उ ऊ

ऋ ए ऐ ओ औ

**2. व्यंजन**–जिन वर्णों का उच्चारण स्वर वर्णों की सहायता से होता है, वे व्यंजन कहलाते हैं।

हिंदी में तैंतीस व्यंजन हैं–

**व्यंजन** →

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण ड़ ढ़

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

**3. संयुक्त व्यंजन**–एक से अधिक व्यंजनों के मेल से बने वर्ण संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

| | |
|---|---|
| क् + ष = क्ष<br>कक्षा | त् + र = त्र<br>यात्रा |
| ञ् + य = ज्ञ<br>ज्ञानी | श् + र = श्र<br>श्रम |

**4. अयोगवाह**–अं अः

**5. अतिरिक्त व्यंजन**–ड़ ढ़

## मात्राएँ

स्वर वर्णों के वे चिह्न जो व्यंजन वर्णों में लगाए जाते हैं मात्रा कहलाते हैं। 'अ' की कोई मात्रा नहीं होती है।

| स्वर | मात्राएँ | व्यंजन ( मात्रा के साथ ) | शब्द |
|---|---|---|---|
| अ | कोई मात्रा नहीं | क | कल |
| आ | ा | का | कान |
| इ | ि | कि | किला |
| ई | ी | की | कील |
| उ | ु | कु | कुल |
| ऊ | ू | कू | कूल |
| ऋ | ृ | कृ | कृपा |
| ए | े | के | केला |
| ऐ | ै | कै | कैसा |
| ओ | ो | को | कोना |
| औ | ौ | कौ | कौन |

र के साथ **उ** और **ऊ** लगने पर वे ऐसे लिखे जाते हैं।

र् + उ = रु            र् + ऊ = रू

'र्' के साथ उ या ऊ की मात्रा र् के पेट में लगती है, उसकी पूँछ में नहीं लगाई जाती।

इनके अलावा हिंदी में अन्य वर्ण भी हैं–

(क) अं, अः (अं को अनुस्वार और अः को विसर्ग कहा जाता है।)

(ख) ड़, ढ़ (ये वर्ण किसी शब्द के शुरू में कभी नहीं आते)

## स्मरणीय बिंदु

- मुख से निकलने वाली ध्वनि वर्ण कहलाती है।
- वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई है।
- वर्णों के निश्चित क्रम को वर्णमाला कहते हैं।
- हिंदी में दो तरह के वर्ण हैं—स्वर और व्यंजन।
- अं और अः को अयोगवाह कहते हैं।
- ड़ और ढ़ को भी व्यंजन में सम्मिलित कर लिया गया है।

## अभ्यास

**मौखिक** FORMATIVE ASSESSMENT

### उत्तर दीजिए।

(क) वर्णमाला किसे कहते हैं?

(ख) स्वर और व्यंजन वर्णों की संख्या कितनी है?

(ग) हिंदी में वर्ण कितनी तरह के होते हैं?